प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 24.08.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी।

1-दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोला:-

अवगत कराना है दिनांक 15.08.2023 को वादी हाल निवासी थाना मझोला क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना मझोला पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0-609/23 धारा-363/376 भादवि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध मे विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त लडकी को बरामद कर साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-376 भादवि व धारा- ¾ पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। तथा आज दिनांक 24-08-2023 को उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त विकास पुत्र ऋषिपाल निवासी निवाड खास थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद हाल निवासी मौ0 आजाद नगर पैपटपुरा थाना मझोला,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

2-अवैध कच्ची 15 लीटर शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना सिविल लाइन्स:-

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशन में अवैध शराब/मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी करने वाले अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24-08-2023 को उ0नि0 श्री सोमपाल सिहं थाना सिविल लाइन्स,मुरादाबाद द्वारा मय आबकारी व थाना पुलिस टीम के साथ अभियुक्त नितिन पुत्र मोहन निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाईन्स,मुरादाबाद को मय 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्त नितिन उपरोक्त के विरूद्ध थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0- 710/2023 धारा- 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

3-अवैध देशी शराब के 16 क्वाटर सहित एक आरोपी गिरफ्तार,थाना सिविल लाइन्स:-

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशन में अवैध शराब/मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी करने वाले अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24-08-2023 को उ0नि0 श्री मृदुल कुमार थाना सिविल लाइन्स द्वारा मय आबकारी व थाना पुलिस टीम के साथ अभियुक्त कपिल पुत्र करन सिहं निवासी काजीपुरा थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को अगवानपुर फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से 16 क्वाटर अवैध देशी शराब बरामद किये गये । इस सम्बन्ध में अभियुक्त कपिल उपरोक्त के विरूद्ध थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0-711/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

4-चोरी की मोटरसाईकिल के साथ तीन अभियुक्तों को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने किया गिरफ्तार ।*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के पर्यवेक्षण में जनपद में चोरी,वाहन चोरी जैसी घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के संबंध में जनपद में चलाये जा रहे अभियानों के तहत दिनांक 23.08.2023 को वादी सुमित चौहान पुत्र फूल सिंह निवासी मौ0 पुरानी घास मण्डी

थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद की तहरीर पर थाना ठाकुरद्वारा पर पंजीकृत मु0अ0स0- 333/2023 धारा- 379 भादवि बनाम अज्ञात का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 24.08.2023 को चैकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1.देवान्श उर्फ शानू पुत्र शैलेन्द्र कुमार निवासी मुण्डो कालोनी कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद 2.अमन पुत्र राकेश चौहान निवासी होलिका मंदिर कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद 3.गजेन्द्र चौहान उर्फ रिंकू पुत्र देवेन्द्र चौहान निवासी पुरानीघास मण्डी कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की मो0सा0 रजि0 नं0 UP21 BR 0718 स्पेलण्डर पल्स सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भादवि की वृद्धि की गयी।

पूछताछ का विवरणः-

पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि उक्त मोटरसाईकिल को उनके द्वारा दिनांक 22.08.2023 को पुरानी घास मण्डी के पास से चुराया गया था । हम नशा करते है,जिसके लिये हमें रूपयो की जरूरत थी, इसलिये हमने उक्त मोटरसाइकिल को चुरा लिया तथा बेचने के लिये आज जा रहे थे की पुलिस द्वारा पकडे गये।

बरामदगी का विवरणः-

मो0सा0 रजि0 नं0 UP21 BR 0718 स्पेलण्डर पल्स रंग काला ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.देवान्श उर्फ शानू पुत्र शैलेन्द्र कुमार निवासी मुण्डो कालोनी कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद ।
2.अमन पुत्र राकेश चौहान निवासी होलिका मंदिर कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद ।
3.गजेन्द्र चौहान उर्फ रिंकू पुत्र देवेन्द्र चौहान निवासी पुरानीघास मण्डी थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद ।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0 333/2023 धारा 379/411 भादवि थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ।

अपराधिक इतिहास अभियुक्त देवांश -

1.मु0अ0स0 145/2022 धारा 379/411 भादवि थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद
2.मु0अ0सं0 333/2023 धारा 379/411 भादवि थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ।

अन्य अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरणः-

1-उ0नि0 सोहनपाल सिंह ,थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद ।
2-का0 रोहित कुमार,थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद ।
3- का0 जगदीश सिहं,थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद।

5-थाना बिलारी पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मौके से अभियुक्तगण के कब्जे से बने,अधबने 12 अवैध देशी तमंचे व एक अर्धनिर्मित रिवाल्वर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व भारी मात्रा मे शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये ।*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्र/शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण,मुरादाबाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी के नेतृत्व में थाना बिलारी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 24-08-2023 को थाना बिलारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम सहसपुर स्यौडारा रोड के जंगल मे एक पुराने खण्डहर में अवैध शस्त्र बनाते हुये 02 अभियुक्तगण 1- आसिम पुत्र भूरे निवासी ग्राम चौडा खडन्जा रूस्तमनगर सहसपुर थाना

बिलारी,मुरादाबाद 2- छोटे पुत्र सईद निवासी चौडा खडन्जा रूस्तमनगर सहसपुर थाना बिलारी,मुरादाबाद को 0**7 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 03 तमंचा अर्धनिर्मित 315 बोर व एक पौनिया अर्धनिर्मित 315 बोर ,एक अर्धनिर्मित रिवाल्वर, एक तमंचा 32 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व भारी मात्रा मे शस्त्र बनाने के उपकरण** सहित गिरफ्तार किया गया तथा मौके से एक व्यक्ति फरार हो गया जिसका नाम पकडे गये अभि0गणो द्वारा बलवीर पुत्र रामबहादुर नि0ग्रा0 खडौआ थाना बिलारी मुरादाबाद बताया। इस सम्बन्ध में थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 343/2023 धारा- 5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

पूछताछ विवरणः-

पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग अवैध तमंचे बनाकर 4 से 6 हजार रुपये तक की कीमत मे बेचकर मुनाफा कमाते हैं। माँग के अनुसार हम तमंचों की संख्या में बढोत्तरी कर देते है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1-आसिम पुत्र भूरे निवासी ग्राम चौडा खडन्जा रूस्तमनगर सहसपुर थाना बिलारी,मुरादाबाद।
2-छोटे पुत्र सईद निवासी चौडा खडन्जा रूस्तमनगर सहसपुर थाना बिलारी,मुरादाबाद।

फरार अभियुक्त

1.बलवीर पुत्र रामबहादुर नि0ग्रा0 खडौआ थाना बिलारी मुरादाबद

बरामदगीः-

07 अवैध देशी तमंचा 315 बोर ,03 तमंचा अर्धनिर्मित 315 बोर ,एक पौनिया अर्धनिर्मित 315 बोर ,एक अर्धनिर्मित रिवाल्वर ,एक 32 बोर तमंचा,दो जिन्दा कारतूस 315 बोर ,02 ग्रेन्डर ,एक बडा शिकंजा,भारी मात्रा मे शस्त्र बनाने के उपकरण।

पंजीकृत अभियोगः-

1.मु0अ0सं0 343/2023 धारा 5/25 आयुध अधि0 थाना बिलारी मुरादाबाद।

गिरफ्तार करने वाली टीम–

1. श्री कुँवर आकाश सिंह ASP/थाना प्रभारी बिलारी मुरादाबाद

2. निरीक्षक श्री रवींद्र प्रताप सिह प्रभारी निरीक्षक बिलारी, मुरादाबाद।
3.उ0नि0 श्री सुधीर कुमार थाना बिलारी, मुरादाबाद।
4.उ0नि0 श्री ओमपाल सिह थाना बिलारी, मुरादाबाद।
5.का0 गौरव कुमार , थाना बिलारी मुरादाबाद
6.का0 प्रवीण कुमार थाना बिलारी, मुरादाबाद।